Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:35 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 133 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 16 नवंबर 2026

मॉडलिंग से शुरू किया करियर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

थाईलैंड फुकेट के रिसॉर्ट में लगी भीषण आग,11 लोगों की मौत

एजेंसी। थाईलैंड के फुकेट में स्थित एक रिसॉर्ट में भीषण आग लग गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हैं। पुलिस ने बताया कि आग सुबह करीब 3 बजे लगी और तेजी से आस-पास की इमारतों में फैल गई। थाईलैंड के अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह करीब 3.17 बजे एक इमारत में लगी। इस इमारत में गाड़ियां किराए पर देने का बिजनेस था और आग तेजी से आसपास की इमारतों में फैल गई।

जय शाह फिर बने आईसीसी के अध्यक्ष



मुंबई। जय शाह लगातार दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बन गए हैं। जय शाह को निर्विरोध आईसीसी का अध्यक्ष चुना गया है। इंडोनेशिया के बाली में आयोजित आईसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान निदेशकों के प्रस्ताव के बाद बोर्ड ने उनके दूसरे कार्यकाल पर मुहर लगा दी। इस फैसले को क्रिकेट के वैश्विक विस्तार और खेल के भविष्य की योजनाओं के लिहाज से अहम माना जा रहा है। जय शाह के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए आईसीसी बोर्ड ने उन्हें एक और कार्यकाल की जिम्मेदारी सौंपी है। क्रिकेट इस समय वैश्विक स्तर पर अपने विस्तार, प्रशंसकों की बढ़ती संख्या और व्यावसायिक विकास के नए दौर से गुजर रहा है। इसके अलावा, लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की वापसी भी इस खेल के लिए एक बड़ा अवसर मानी जा रही है। आईसीसी ने हाल ही में प्रतियोगिताओं के लिए अपने दीर्घकालिक कार्यक्रम का भी विस्तार किया है, जिससे खिलाड़ियों को अधिक मौके और क्रिकेट के विकास के नए रास्ते मिल सकेंगे।

छठपर्व: उगते सूर्य को अर्घ्य, व्रतियों ने पूरा किया 36 घंटे का निर्जला व्रत

देहरादून/हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान सोमवार सुबह श्रद्धा और भक्ति साथ संपन्न हुआ। सूर्य उपासना के इस पर्व पर व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही 36 घंटे से चल रहा निर्जला व्रत भी पूरा हो गया।

हल्द्वानी में भोर होते ही छठी मैया के गीतों से घाट गूंज उठे। हाथों में पूजन सामग्री और डलिया लिए व्रती परिवार के साथ घाटों पर पहुंचे। देर शाम रामपुर रोड और आवास विकास स्थित छठ पूजा स्थल पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं ने दउी मइया की पूजा अर्चना कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। उधर देहरादून हरिद्वार में छठ महापर्व को लेकर सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। नेहरू कॉलोनी स्थित मिथिला छठ घाट और ब्रह्मपुरी छठ घाट समेत विभिन्न घाटों पर व्रती सुबह होने से पहले ही पहुंच गए। यहां श्रद्धालुओं ने जल में उतरकर पूजा-अर्चना की और उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर छठी मैया के जयकारे गूंजते रहे। करीब 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखने वाले व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही अपना कठिन अनुष्ठान पूरा किया। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पूजा की और परिवार की सुख-शांति, संतान की लंबी आयु और समृद्धि की कामना की।

काशी में छठ घाटों पर उमड़े भक्त

सूर्य उपासना के साथ महापर्व छठ का समापन सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। काशी के 84 घाटों, गंगा उस पार, 130 कुंडों-पोखरों और वरुणा नदी के किनारे पूजा स्थलों पर भोर से ही व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि व संतान की दीर्घायु की कामना की। इसके बाद पारंपरिक तरीके से 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया। सबसे ज्यादा व्रती और श्रद्धालु सामनेघाट से नमो घाट और गंगा उस पार दिखे। सूरज के उगते ही अस्सी से दशाश्वमेध तक की गलियों में घंटों तक देव दीपावली जैसी भीड़ रही।

प्रदेश की खुशहाली की कामना की

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मेलाघाट छठ घाट पर दिया उगते सूर्य को अर्घ्य

खटीमा
हमारे संवाददाता



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर सोमवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेलाघाट स्थित बाइस पुल छठ घाट पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन किया।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर सोमवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेलाघाट स्थित बाइस पुल छठ घाट पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन किया। मुख्यमंत्री ने छठी मइया से प्रदेश की समस्त जनता के जीवन में सुख,शांति,समृद्धि और आरोग्यता की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन से ही वह खटीमा में छठ पर्व के आयोजनों में शामिल होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व महिलाओं की कठिन तपस्या, आस्था, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। यह पर्व परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खटीमा एक लघु भारत की तरह है, जहां अलग-अलग समाज और समुदाय के लोग सभी त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाते हैं। गृह क्षेत्र होने के कारण उनका प्रयास रहता है कि वह यहां आयोजित होने वाले प्रमुख पर्वों और धार्मिक आयोजनों में लोगों के बीच मौजूद रहें। मुख्यमंत्री के छठ घाट पहुंचने पर व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भी खुशी जाहिर की। पूजा-अर्चना और सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही घाट पर छठ महापर्व का पारंपरिक रूप से समापन हुआ।

पर्यटकों के लिए खुले राजाजी टाइगर रिजर्व के गेट, चीला और मोतीचूर रेंज में करेंगे जंगल सफारी

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

चीला, मोतीचूर, रानीपुर और चिल्लावाली-मोहंड रेंज में सफारी शुरू होने के साथ ही पर्यटकों का इंतजार खत्म हो गया है। पार्क प्रशासन की ओर से सफारी मार्गों की मरम्मत, रास्तों को दुरस्त करने और पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

राजाजी टाइगर रिजर्व के जंगल के गेट एक बार फिर पर्यटकों के लिए खोल दिए गए हैं। चीला, मोतीचूर, रानीपुर और चिल्लावाली-मोहंड रेंज में नए पर्यटन सत्र की शुरुआत हो गई है। हरिद्वार की चीला रेंज में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सफारी गेट का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के चेयरमैन राजीव शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद सफारी सत्र का शुभारंभ किया और कहा कि राजाजी टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्क प्रशासन की ओर से ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग की व्यवस्था की गई है। गेट खुलते ही पहले दिन बड़ी संख्या में पर्यटक जंगल सफारी के लिए पहुंचे।

हर साल मानसून के दौरान बन्यजीवों की सुरक्षा और जंगल के प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राजाजी टाइगर रिजर्व की प्रमुख पर्यटक रेंजों को बंद कर दिया जाता है। करीब पांच महीने की बंदी के बाद 15 नवंबर से नए पर्यटन सत्र का आगाज हो गया है।



इबोलाः स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी प्रभावित देशों से आए यात्रियों से संपर्क टूटने पर सूचना

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और अफ्रीकी देशों से आने वाले पर्यटकों की जिले स्तर पर निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग को उनके नाम-पता और मोबाइल नंबर का लेखा-जोखा रखना होगा। संपर्क टूटने की स्थिति में जिला सर्विलांस इकाई को अनिवार्य रूप से इसकी जानकारी देनी होगी।

गौरतलब है कि अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में भारत में भी इसको लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पूर्व में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी राज्यों को इंतजाम पुख्ता रखने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रदेशभर के सरकारी और निजी अस्पतालों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इबोला के संदिग्ध और पुष्ट मरीजों को इसके तहत तय एसओपी के अनुसार उपचार दिया जाएगा। इसके लिए एम्स ऋषिकेश को आइसोलेशन अस्पताल घोषित किया गया है। उधर प्रभावित देशों से आने वाले पर्यटकों के बारे में जानकारी रखने के लिए भी कहा गया है। उनके प्रवेश दिवस से लेकर 21 दिनों तक नियमित फॉलोअप करने के लिए कहा गया गया। इसकी जानकारी आईडीएसपी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसका उद्देश्य वायरस के किसी भी तरह के संभावित प्रवेश को रोकना है।

सीएम ने विधायक को नहीं दिया बोलने का मौका, नाराजगी जायजः गोदियाल

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि जौलजीबी मेले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय विधायक को बोलने का मौका नहीं दिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधायक की बात सुने बिना मुख्यमंत्री समारोह से चले गए। इस पर स्थायी विधायक हरीश धामी की नाराजगी जायज है।

आरोप लगाया कि सीएम का आचरण अलोकतांत्रिक था। उन्होंने कहा कि इससे यह पता चलता है कि सीएम लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते। जो विपक्ष को कहीं पर स्थान नहीं देना चाहते। वह स्थानीय विधायक ही नहीं उस क्षेत्र की जनता के मनोभाव के भी खिलाफ है।

कनार के ग्रामीण विधायक धामी समर्थन में भूख हड़ताल पर बैठे

पिथौरागढ़
हमारे संवाददाता

विधायक धामी सहित छह पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप

120 किलोमीटर दूर से जिला मुख्यालय आकर भूख हड़ताल पर बैठे कनार के ग्रामीणों का आंदोलन रविवार को भी जारी रहा। कलक्ट्रेट के बाहर रामलीला मैदान में भूख हड़ताल पर बैठे उप प्रधान रमेश परिहार और उनके समर्थन में धरना दे रहे ग्रामीणों को समर्थन देने रविवार अपराह्न धारचूला विधायक हरीश धामी भी पहुंचे। इस मौके पर विधायक धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं से लगातार मुंह चुरा रही है। कनारवासियों की सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग और उसकी घोषणा करने के बावजूद सरकार धरातल पर काम नहीं करवाना चाहती। विधायक ने कहा कि केवल कोरे आश्वासनों से ठगने का काम इस सरकार ने किया है। भूख हड़ताल पर बैठे उप प्रधान रमेश सिंह परिहार ने कहा कि हमारे लिए गांवों से बाहर निकलने और बीमारों, गर्भवतियों को डोली के सहारे अस्पताल पहुंचाने के लिए 18 किलोमीटर का पैदल सफर करना मजबूरी है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में पूरा दिन निकल जाता है। समर्थन में धरने पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ने हमें हर बार सड़क के नाम पर धोखा दिया है। जब तक सड़क की डीपीआर बनाकर निर्माण शुरू नहीं होता हम धरने से नहीं उठेंगे। इस मौके पर जगत सिंह परिहार, बीडीसी सदस्य पुष्पा देवी, मनोज सिंह, ललित सिंह, कैलाश सिंह, रमेश सिंह और अन्य ग्रामीणों सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पिथौरागढ़। जौलजीबी मेले के दौरान सामने आया सियासी विवाद कानून की चौखट तक पहुंच गया है। जौलजीबी के थानाध्यक्ष हरेंद्र सिंह नेगी की तहरीर पर पुलिस ने विधायक हरीश धामी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित छह के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। बीते शनिवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी अंतरराष्ट्रीय जौलजीबी मेले का शुभारंभ करने पहुंचे। सीएम के संबोधन के बाद अचानक माइक बंद होने से भड़के क्षेत्रीय विधायक हरीश धामी और उनके समर्थकों ने मंच पर बवाल कर दिया। विधायक सहित उनके समर्थकों ने माइक, कुर्सी, माइक स्टैंड सहित अन्य सामान तोड़ डाला, जिस ऐतिहासिक मंच से संस्कृति और सौहार्द का संदेश जाना था वह सियासी अखाड़े में बदल गया और पूरा कार्यक्रम खटाई में पड़ गया।

नैनीतालवासियों के लिए फिल्म चिता निःशुल्क प्रदर्शन

- राम लाल एंड ब्रदर्स के 125 वर्ष नैनीताल में पूर्ण होने पर साथ ही अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रतिष्ठित रामलाल ब्रदर्स के 125 वर्ष पूर्ण होने के विशेष मौके पर फि ल्म चिता का रविवार को एक निःशुल्क शो सभी आम जन हेतु आयोजित किया गया। नैनीताल और देवभूमि उत्तराखंड राज्य का मूल मुद्दा पलायन एक बीमारी की तरह बनता जा रहा है जो काफ ी वर्षों से जागृत है और बहुत बड़ा आकार ले रहा है।

इस फिल्म के माध्यम से एक यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि हम अपनी जड़ों से जुड़ें। आज का जो यूथ है, युवा हैं व यंगस्टर्स हैं वे अपनी जड़ों से जुड़ें और अपने ही राज्य व अपने ही शहर और अपने ही गांव में रहकर जो कुछ कर सकते हैं करें। इसमें अपार संभावनाएं हैं। हमें अपनी जड़ों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। आपसी जुड़ाव जो आज के परिवेश में कम होता जा रहा है वो एक बहुत बड़ा कारण है इसका अगर आपसी कनेक्ट बनेगा संभावनाएं चर्चा बनकर प्रकाश स्वरूप ले सकती है। इसी



दिशा में आज सब को एक साथ जोड़ने का एक प्रयास किया गया। और यह संदेश बहुत सुंदरता से दिया गया है। हमारा उत्तराखंड बहुत सुंदर है और इसमें अपार संभावनाएं हैं।

रामलाल ब्रदर्स के स्वामी व युवा समाजसेवी पुनीत टंडन के मुताबिक फि ल्म को 200 से ऊपर लोगों ने देखा और पूरा हाउसफुल रहा। उन्होंनेफिल्म को देखने आने वाले लोगों का धन्यवाद किया है। इसके साथ ही विनोद कापड़ी जो इस फिल्म के निर्माता और डायरेक्टर हैं उनकी तरफ से व्यक्तिगत मैसेज प्राप्त हुआ और नैनीताल के सभी लोगों को धन्यवाद दिया है। उनका प्रयास है कि आगे भी एक शो कम से कम नैनीताल में यह चले और उम्मीद है उसमें वह सफलता प्राप्त होंगी और नैनीताल के और लोग भी इस फिल्म को देख पाएंगे।

NEWS / फटाफट

पद्मश्री डा.पांडे के निधन पर कूटा ने जताया शोक



नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने पद्मश्री डॉ. ललित पांडे (78) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। कूटा के मुताबिक डॉ. पांडे उत्तराखंड में पर्यावरण, शिक्षा तथा ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सरोकार के लिए समर्पित रहे। उन्होंने अल्मोड़ा के बेस अस्पताल में अंतिम सांस ली। डॉ. ललित पांडे ने आईआईटी दिल्ली, एमआईटी विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह वर्ष 1984 में अल्मोड़ा लौट आए। इसके बाद उन्होंने अपना जीवन देवभूमि उत्तराखंड के समाज और पहाड़ों के विकास के लिए समर्पित कर दिया। कूटा की तरफ से प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने गहरा दुःख जताया है।

नैनीताल में हल्की बारिश व तेज हवाओं से बड़ी ठंड

नैनीताल । नैनीताल में रविवार को मौसम बदलने से ठंड में बढ़ोतरी हो चली है। सुबह हल्की बारिश हुई और तेज हवाएं पूरे दिन चलती रही। पश्चिमी विक्षोभ सक्रीय होने के कारण मौसम में बदलाव आया है। नगर में सुबह के समय थोड़ी देर हल्की बारिश के बाद बादल पूरे दिन आसमान में छाए रहे। इस बीच धूप भी आती जाती रही। इस बीच मौसम बदलने के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी हो चली है। लोग गर्म ऊनी कपड़ों के साथ हीटर और आग का सहारा लेने को मजबूर हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार (आज) को मौसम सुधार रहेगा हालांकि स्थानीय स्तर पर बादल और कोहरा छाने की संभावना बनी रहेगीए लेकिन रात की ठंड में अधिक बढ़ोतरी की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 80 और न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने लोगों को पौधरोपण हेतु किया प्रेरित



नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा पौधारोपण अभियान के 853वे दिन उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय पदाधिकारी रमेश थलाल के नेतृत्व में पौधारोपण के साथ तल्ला बगड़ क्षेत्र में सिलोनी, सांवलीसेरा बगडीहाट बेड़ा के साथ जौलजीबी मेले में क्षेत्र की महान जनता से जनसंपर्क पर उत्तराखंड क्रांति दल के पक्ष में वोट देने की अपील की। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि जनता इस बार मन बना चुकी है कि उत्तराखंड क्रांति दल की सरकार बने। रमेश थलाल ने कहा कि अब समय राज्य बचाने का है इस बार सभी का मत महत्वपूर्ण होगा । कार्यक्रम में राजेंद्र डिगारी, नवीन ग्वाल, प्रेम सिंह तथा पूरन गिरी उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा।

इंटर ऑफि शियल एंड कमर्शियल फुटबॉल टूर्नामेंटःहाईकोर्ट इलेवन की जीत

नैनीताल । नैनीताल जिमखाना एवं जिला क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में आयोजित इंटर ऑफि शियल एंड कमर्शियल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के अंतर्गत रविवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला कंबाईंड एजुकेशन और ताल्लीताल व्यापार मंडल ए के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सकीं और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरा मुकाबला हाईकोर्ट इलेवन और ऑल सेंट्स रेंजर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में हाईकोर्ट इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल सेंट्स रेंजर्स को 2-0 से पराजित कर जीत अपने नाम की। टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह बना हुआ है।



दर्जा मंत्री मेहरा ने सुनी महिलाओं की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) भावना मेहरा ने रविवार को नैनीताल जिले के तहत ओखलकांडा ब्लॉक के काला आगर एवं ढैराला क्षेत्र का भ्रमण कर महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं क्षेत्रीय जरूरतों की जानकारी ली महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भावना मेहरा ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुवे समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए कहा।

भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अधूरी पड़ी सड़क को लेकर भी जानकारी दी, जिसपर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली और सड़क निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए लोक निर्माण विभाग के सचिव से वार्ता करने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना और विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है।

इस दौरान महिलाओं ने पेयजल समेत विभिन्न स्थानीय समस्याओं को उनके सामने रखा राज्यमंत्री को अपने बीच पाकर महिलाओं ने खुलकर अपनी बात रखी। महिलाओं ने कहा कि एक महिला होने के नाते एक महिला ही उनकी भावनाओं और परेशानियों को बेहतर ढंग से समझ सकती हैं। इस दौरान प्रदीप बिष्ट ,शेर सिंह, राम सिंह, कमल सिंह तथा पूरन सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व मातृ शक्ति उपस्थित रही।

नैनीताल में अंजुमन इस्लामियॉ कमेटी के चुनाव शांति पूर्ण संपन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में अंजुमन इस्लामियॉं कमेटी के 23 सदस्यों के लिए रविवार को चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। कुल पंजीकृत 1739 मतदाताओं में से 1105 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

बता दें 23 सदस्यों के लिए 66 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। रविवार को सुबह 9 बजे से चुनावी प्रक्रिया रजा कलब में शुरु होगी जो शाम को 5 बजे तक चली। चुनाव के प्रति मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। शाम को पांच बजे तक ही लाईन में करीब 400 से अधिक मतदाता लगे थे। कमेटी के मुख्य चुनाव अधिकारी अबदुल हमीद के मुताबिक मतदान के लिए 10 बूथ बनाए गए थे। मतदान समाप्त होने के बाद अब मतगणना शुरु हो गयी है परिणाम देर रात तक घोषित किए जाएंगें। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था।मुख्य चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में सहायक चुनाव अधिकारी नाजिम बकश समेत मो.नसीम,मो.फैसल,मो.अबरार,मो.अ रहार बेग आदि जुटे लोग कमेटी की चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने में प्राथमिकता से जुटे रहे।



वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहा नैनीताल, कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर नैनीताल पर्यटकों से गुलजार रही। शनिवार के बाद रविवार को भी शहर में सैलानियों की भारी आमद देखने को मिली। सुबह से ही पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

नैनी झील में नौकायन, मालरोड पर पर्यटकों की चहल पहल और बाजारों में उमड़ी भीड़ ने शहर में पर्यटन सीजन जैसा माहौल बना दिया। पर्यटकों की अच्छी आमद से होटल, रेस्टोरेंट व नाव व टैकसी और अन्य पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले रहे।

रविवार को भी पर्यटकों की भीड़ का असर शहर की यातायात व्यवस्था पर साफ नजर आया। ताल्लीताल, मल्लीताल और मालरोड समेत प्रमुख मार्गों पर दिनभर वाहनों का दबाव बना रहा। मालरोड पर कई बार वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं पार्किंग स्थल भी वाहनों से भरे रहे। यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी प्रमुख चौराहों और मार्गों पर मुस्तैद रहे।

एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पुलिस की ओर से प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की गई। जगह जगह पुलिस कर्मी तैनात किए गए। इधर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस वीकेंड नैनीताल में पर्यटन कारोबार अच्छा रहा। होटल कारोबार में करीब 70 प्रतिशत तक काम हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी सप्ताहों में भी पर्यटकों की अच्छी आमद बनी रहेगीए जिससे पर्यटन कारोबार को और गति मिलेगी। वीकेंड पर पर्यटकों की अच्छी संख्या से पर्यटन व्यवसायियों में आने वाले दिनों को लेकर भी उत्साह नजर आया।

ग्राफिक एरा के छात्र ने इंडिया इंटरनेशनल फोरम ऑन माइन एक्शन एंड सेफ्टी की संगोष्ठी में हासिल किया प्रथम रनअप स्थान

भीमताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की कामयाबियों में एक और कामयाबी जुड़ गई है। विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर में बैचलर ऑफ फ र्मेसी बी फार्मा सातवें सेमेस्टर में अध्ययनरत दक्षिण सूडान के अंतरराष्ट्रीय छात्र वास्को डागामा कैलिस्टो मोंड्रो ने इंडिया इंटरनेशनल फोरम ऑन माइन एक्शन एंड सेफ्टी की वार्षिक संगोष्ठी में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम रनर.अप स्थान प्राप्त किया है।होराइजन सेफर वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का विषय इमाइन एक्शन राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर संघर्षोत्तर पुनर्वास के लिए प्रयास था। वास्को ने शिबटबीन बल्नेरेबिलिटी एंड वैनगार्ड वैश्विक माइन एक्शन में भारत की दोहरी भूमिका शीर्षक से अपना निबंध प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने बारूदी सुरंगों और बिना विस्फोट हुए आयुधों से उत्पन्न चुनौतियों, इन समस्याओं के समाधान में भारत की भूमिका तथा प्रभावित समुदायों की सुरक्षा और पुनर्वास में आधुनिक पहचान तकनीकों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मानवीय सहायता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस उपलब्धि के लिए वास्को को 5 नवंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर के अशोक हॉल में सममानित किया गया। यह सममान समारोह की वार्षिक संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसकी थीम माइन एक्शन वैश्विक जिमेदारी और भारत का दृष्टिकोण थी। इस संगोष्ठी में रक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिकारियों, राजनयिकों, शिक्षाविदों और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया तथा वैश्विक स्तर पर माइन एक्शन की प्राथमिकताओं और मानवीय सरोकारों पर विचार.विमर्श किया। वास्को की इस उपलब्धि पर ग्राफि क एरा ग्रुप ऑफि इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. ;डा. कमल घनशाला ने उन्हें बधाई देते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहींए भीमताल परिसर के निदेशक ने अन्य विद्यार्थियों को अकादमिक गतिविधियों से आगे बढ़कर सीखने के नए अवसर तलाशने और अपनी उपलब्धियों के माध्यम से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

हैट्रिक की तैयारी

पार्टी हाईकमान के रुख से माना जा रहा है कि खास रणनीति के तहत मौजूदा विधायकों में से कई के टिकट काटते हुए नये चेहरों को मौका दिया जा सकता है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि चुनाव में टिकट जिताऊ नेता को दिया जाता है। धनबली और बाहुबली हर पार्टी में हैं। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के चयन का ठोस पैमाना तय किया गया है, जिसके तहत जनभावनाओं पर खरा उतरने वाले को ही पार्टी का चेहरा बनाया जायेगा। इस कसौटी पर खरा उतरना बहुत कठिन है।

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में लगातार दो बार जीत कर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है। वर्ष 2027 के फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में है। पार्टी ने मिशन 2027 के लिए संभावित उम्मीदवारों के संबंध में पहले चरण का सर्वे बहुत पहले शुरू कर दिया था। वर्तमान में पार्टी के विधायकों के क्षेत्र में विशेष रूप से स्थिति का आकलन किया जा रहा है। पार्टी संगठन के पदाधिकारी अब जमीनी स्तर के कार्यकर्ता से वर्तमान विधायकों के बारे में जनता के मन को टटोल रहे हैं। प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने से पहले दो और चरण का सर्वे किया जायेगा। ऐसी स्थिति में सिटिंग एमएलए में से कुछ का पत्ता साफ होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महेन्द्र भट्ट ने दोबारा ताजपोशी होने पर अपनी टीम का ऐलान करते ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दर्जनों नेताओं को दायित्व सौंपते हुए कहा था कि दायित्वधारियों को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। दायित्वधारियों की जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए अभी से जुट जायें। पार्टी हाईकमान के रुख से माना जा रहा है कि खास रणनीति के तहत मौजूदा विधायकों में से कई के टिकट काटते हुए नये चेहरों को मौका दिया जा सकता है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि चुनाव में टिकट जिताऊ नेता को दिया जाता है। धनबली और बाहुबली हर पार्टी में हैं। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के चयन का ठोस पैमाना तय किया गया है, जिसके तहत जनभावनाओं पर खरा उतरने वाले को ही पार्टी का चेहरा बनाया जायेगा। इस कसौटी पर खरा उतरना बहुत कठिन है। वर्तमान विधायकों के साथ ही दर्जनों अन्य दावेदारों ने बहुत पहले ही पार्टी हाईकमान के दिग्गजों की परिक्रमा करना शुरू कर दिया है। दरअसल सभी पार्टियों के वर्तमान सांसदों और विधायकों में से अनेक जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। आपराधिक मामलों वाले नेताओं से राजनीति में विकृति आना स्वाभाविक है। उत्तराखंड विधानसभा के वर्ष 2022 के चुनाव में भाजपा सत्ता में दोबारा जरूर आ गई थी, लेकिन उसकी सीटें घट गई थीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पराजित हो गये थे। उपचुनाव में जीतकर पुनः सत्ता में हैं। अगला चुनाव मुख्यमंत्री धामी की अग्निपरीक्षा से कम नहीं होंगे।

उत्तराखंड की प्रगति महिलाओं के योगदान के बिना संभव नहीं

नारी शक्ति सम्मान समारोह कालाढूंगी में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बोले

कालाढूंगी

हमारे संवाददाता

कालाढूंगी के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति के संघर्ष, परिश्रम और योगदान के बिना प्रदेश की प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती।

राजकीय इंटर कॉलेज मैदान कालाढूंगी के मैदान में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति के संघर्ष, परिश्रम और योगदान के बिना प्रदेश की प्रगति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। महिलाओं का सम्मान केवल शब्दों और नारों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें समान अवसर, निर्णय लेने का अधिकार, नेतृत्व की भूमिका और आर्थिक आत्मनिर्भरता मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि महिलाएं केवल विकास योजनाओं की लाभार्थी न रहें बल्कि देश की दिशा तय करने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं। उन्होंने 2014 से पहले की स्थिति का जिक्र किया जब महिलाओं के नाम पर राजनीति तो हुई पर उनके जीवन में अपेक्षित बदलाव नहीं आया। धामी ने स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने बचपन से अपनी मां को सीमित संसाधनों में परिवार की जिम्मेदारियां निभाते देखा है। पहाड़ की महिलाएं सुबह सूरज निकलने से पहले ही अपने दिन की शुरुआत कर देती हैं। घर-परिवार संभालने के साथ बच्चों की देखभाल, पशुओं के लिए चारा, खेतों में काम और जंगल से लकड़ी व घास लाने जैसी जिम्मेदारियां निभाती हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मां को संघर्षों के बीच परिवार को संभालते और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते देखा है। वह अपनी मां को ही अपना आदर्श मानते हैं।

उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का मनोबल हिमालय से भी ऊंचा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी सेवाओं में महिलाओं के लिए 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया है। सहकारी समितियों में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया गया है। उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है। एक दिसंबर को 5.20 लाख महिलाओं के खाते में दो किस्तों में पैसे डाले जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में 71 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों से पांच लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हैं। इन समूहों को मजबूती देने के लिए आठ हजार से अधिक ग्राम संगठन और छह सौ से अधिक क्लस्टर स्तरीय संघ भी काम कर रहे हैं।



नैना पीक ट्रेकिंग में गए अर्नव दस दिन से लापता



नैनीताल। नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक की पहाड़ी पर ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए छात्र अर्नव सिंह का रविवार को दसवें दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका। दूसरी ओर पुलिस, एसडीआरएफ और वन विभाग की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

इस बीच पुलिस की ओर से शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगे 30 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई लेकिन अर्नव के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई। मामले में एसपी डॉ जगदीश चन्द्र ने बताया कि अर्नव की तलाश के लिए अभियान लगातार जारी है। कहा कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

साइबर ठगों का तिहरा वार! महिला समेत तीन लोगों के खातों पर डाका, एक झटके में उड़ाए 4.06 लाख रुपये

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर ठगों ने हल्द्वानी में लोगों की जमा-पूंजी पर ऐसा हमला बोला कि तीन अलग-अलग परिवारों को लाखों रुपये की चपत लग गई। ठगी के तरीकों ने भी सबको चौंका दिया।

कहीं मोबाइल पर आए एक संदेश के लिंक ने बैंक खाते तक ठगों की पहुंच बना दी, तो कहीं सरकारी विभाग का कर्मचारी बनकर फोन किया और ओटीपी हासिल कर रकम उड़ा दी। तीसरे मामले में दो बैंकों के खातों को यूपीआई के जरिए निशाना बनाया गया। तीन घटनाओं में महिला समेत तीन लोगों के खातों से लाखों रुपये निकाल लिए गए। पीड़ितों की शिकायत पर मुखानी और हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

मुखानी क्षेत्र की रहने वाली सीमा गौड़ साइबर ठगों के जाल में ऐसी फंसीं कि उनके बैंक खाते से 1,89,727 रुपये निकल गए। पीड़िता के मुताबिक बीते बृहस्पति वार को उनके मोबाइल पर एक संदेश आया। उन्होंने संदेश मिटा दिया, लेकिन उसका लिंक सक्रिय हो गया। आरोप है कि इसी के बाद अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल नंबर अपने नियंत्रण में लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से रकम निकाल ली। पीड़िता ने थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब संदेश भेजने वाले नंबर, संदिग्ध लिंक और बैंक लेनदेन की पड़ताल की जा रही है।

दूसरी घटना में साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए लोहारीयासाल मल्ला क्षेत्र निवासी ललित मोहन बिष्ट को निशाना बनाया। बीते शनिवार की शाम उनके मोबाइल पर एक व्यक्तिका फोन आया। उसने खुद को जल संस्थान का कर्मचारी बताया। आरोप है कि खाते से जुड़ी जानकारी देने के बहाने उसने मोबाइल पर कॉल अग्रेषित कराई और ओटीपी के जरिए पंजाब नेशनल बैंक के खाते से पांच बार में 20-20 हजार रुपये निकाल लिए। इस तरह पीड़ित के खाते से एक लाख रुपये पार कर दिए गए। पीड़ित की शिकायत पर मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी

वहीं तीसरी घटना में ग्राम फलतावंगर निवासी युधराज सिंह साइबर ठगों का शिकार बने। 12 नवंबर को अज्ञात लोगों ने उनके दो अलग-अलग बैंक खातों से यूपीआई के माध्यम से रकम निकाल ली। पीड़ित के बैंक खाते से 64,900 रुपये निकाले गए, जबकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वेतन खाते से 50 हजार और दो हजार रुपये की निकासी की गई। इस तरह दोनों खातों से 1,16,900 रुपये गायब हो गए। पीड़ित ने घटना के दिन ही राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद बीते दिवस ह कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच पुलिस कर रही है। तीनों घटनाओं में ठगों ने अलग-अलग तरीके अपनाए, लेकिन निशाना लोगों की मेहनत की कमाई ही बनी। किसी को संदिग्ध लिंक के जरिए जाल में फंसाया गया, किसी से सरकारी कर्मचारी बनकर ओटीपी हासिल किया गया और किसी के खातों से यूपीआई के माध्यम से रकम निकाल ली गई।

फिल्मी दुनिया

मॉडलिंग से शुरू किया करियर, एक्टिंग के लिए परिवार को मनाया



साउथ और बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आज अभिनेता विजय देवरकोंडा से शादी होने वाली है। खबरों के मुताबिक दोनों एक दूसरे को लगभग 8 वर्षों से डेट कर रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों का रिश्ता फिल्म गीता गोविंदम (2018) से शुरू हुआ। हालांकि रश्मिका ने 22 फरवरी 2018 को एक पोस्ट के जरिए अपनी शादी की खबरों की पुष्टि की। रश्मिका की शादी से पहले आइए उनके करियर पर एक नजर डालते हैं। सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक रश्मिका मंदाना का जन्म 6 अप्रैल 1996 को कर्नाटक के कोडगु जिले में हुआ। रश्मिका के पिता एक कॉफी शॉप चलाते थे। रश्मिका के मुताबिक उनका जीवन संघर्ष में बीता। उनके लिए खिलौने खरीदने के लिए उनके मां-बाप के पास पैसे नहीं थे। रश्मिका ने पत्रकारिता, मनोविज्ञान और अंग्रेजी में शिक्षा हासिल की। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग में अपना करियर शुरू किया। रश्मिका के मुताबिक शुरूआत में उनका एक्टिंग में करियर बनाने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि उनके कॉलेज के प्रोफेसर ने उन्हें ऑडिशन देने के लिए मना लिया। अपनी पहली फिल्म साइन करने के बाद, उन्होंने अपने माता-पिता को बताया। उनके माता-पिता पहले तो एक्टिंग में उनके करियर को लेकर हिचकिचा रहे थे, बाद में वह मान गए।

बेहतरीन अदाकारी

साल 2015 में एक सौंदर्य प्रतियोगिता जीतने के बाद, ऋषभ शेट्टी ने रश्मिका मंदाना को कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी (2016) में डेब्यू करने का प्रस्ताव दिया। इसमें उन्होंने कॉलेज स्टूडेंट का रोल किया, जो इंजीनियर बनने का सपना देखती है। फिल्म में बेहतरीन अदाकारी के लिए उन्हें (SIIMA) अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्होंने तेलुगु फिल्म गीता गोविंदम, डियर कॉमरेड, कन्नड़ फिल्म चमक और तेलुगु फिल्म पुष्पा जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की।

संविधान, रोजगार और सुविधाओं पर उठी आवाज, पीपुल्स पार्टी ने शुरू की संगठन मजबूती की कवायद

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रोजगार की कमी, महंगी शिक्षा और बदहाल बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों को लेकर पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने संगठन विस्तार और जनजागरण अभियान तेज करने का निर्णय लिया।

लाइन नंबर 17 स्थित गफ्फारान मस्जिद के पास आयोजित बैठक में संविधान, श्रमिकों के पारिश्रमिक और युवाओं के रोजगार का मुद्दा प्रमुखता से उठा। प्रदेश संगठन सचिव एवं नैनीताल जिला प्रभारी एडवोकेट गंगा प्रसाद और जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में हुई बैठक में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान को पूर्ण रूप से लागू करने, अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने बिजली, पानी और सड़कों जैसी स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग भी उठाई। मुख्य अतिथि डॉ. ब्रजेश कोहली और समाजसेवी असलम मौजूद रहे। संचालन महानगर अध्यक्ष इशाद अंसारी और रवि कुमार ने किया। बैठक में डॉ. असलम, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद नबी, मोहम्मद अनीश, आफताब और साहिल सहित कई लोग मौजूद रहे।



News कॉर्नर

हनुमानगढ़ी से नैनीताल तक सड़क किनारे खड़े 30 वाहनों के चालान

नैनीताल। हनुमानगढ़ी से नैनीताल तक सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। रविवार को पुलिस ने सड़क किनारे खड़े 30 वाहनों के चालान किए।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अब प्रतिदिन कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 30 वाहनों के चालान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए अब रोजाना अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

29 दिन से गूंज रही गैरसैंण की मांग, अब बाजार में उतरे आंदोलनकारी

हल्द्वानी। गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग 29 दिन बाद भी थमी नहीं है। रविवार को आंदोलनकारियों ने बुद्ध पार्क से हल्द्वानी बाजार तक रैली निकालकर सरकार को फिर चेताया कि पहाड़ी राज्य की राजधानी का सवाल अब और टाला न जाए। पूर्व आईएएस विनोद प्रसाद रतूड़ी के नेतृत्व में निकली रैली में आंदोलनकारियों ने गैरसैंण को पहाड़ के विकास और पलायन रोकने से जोड़ते हुए जनता से आंदोलन में भागीदारी की अपील की। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि 43 शहादतों के बाद बने उत्तराखंड में आज भी पलायन गंभीर चुनौती है। राज्य आंदोलनकारी गोपाल दत कोठारी और हरीश पनेरू ने कहा कि राज्य निर्माण का सपना अधूरा है और इसके लिए आंदोलनकारियों को फिर एकजुट होना होगा। आंदोलन के 29वें दिन गीता बिष्ट और हरेंद्र राणा क्रमिक अनशन पर बैठे। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो आमरण अनशन का रास्ता भी अपनाया जा सकता है।

सीआरएसटी इंटर कॉलेज में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम समर्पण का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



ताल साधना म्यूजिक अकादमी की ओर से रविवार को सीआरएसटी इंटर कॉलेज के सभागार में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम समर्पण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों और शहरवासियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर शास्त्रीय संगीत की विभिन्न प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसके बाद ताल साधना अकादमी के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय गायन, सामूहिक तबला वादन और एकल प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यक्रम में हल्द्वानी के गायक पंकज आर्य ने अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंकज आर्य किराना घराने के पंडित हरीश तिवारी के शिष्य हैं और हल्द्वानी में शुभ नाद संगीत विद्यालय का संचालन करते हैं। उनके साथ संगतकर्ता जोएल, प्रांजल आर्य, महेश चंद और जैस्मीन कौर ने शानदार संगत की। वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. गोपाल कृष्ण साह ने सितार वादन की प्रस्तुति दी, जबकि दिल्ली के रोमन दास ने पखावज वादन से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संगीत परंपरा से जोड़ना है। इसके साथ ही अकादमी के विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने और सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, राजीव लोचन साह, हेमलता तिवारी, ईशा साह, अमन महाजन, दीपा आनंद, दीक्षा महाजन, आलोक साह, इदरीश मालिक, एचएस राणा और राजेश आर्य समेत बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी एवं शहरवासी मौजूद रहे।

रफ्तार: गौला बाईपास पर स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर की सड़कों पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन तेज रफ्तार किसी न किसी घर का चिराग बुझा रही है, लेकिन यातायात व्यवस्था सुधारने के दावे हादसों के बाद ही याद आते हैं।

सोमवार सुबह गौला बाईपास पर एक बार फिर मौत ने दस्तक दी। ईंदिरा नगर रेलवे फाटक के सामने तेज टक्कर के बाद बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्कॉर्पियो और बाइक की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि हादसे में बाइक सवार का एक पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक दिन पहले भी इसी मार्ग पर दुर्घटना होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह 9:30 बजे बाइक संख्या यू के06 बी के 0927 का चालक गोला बाईपास से शनि बाजार रोड की ओर जाने के लिए बाइक मोड़ रहा था। इसी दौरान सामने से आई स्कॉर्पियो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर जा गिरा और गंभीर चोटों के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मृतक के पैर का पंजा शरीर से अलग हो गया था। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलते ही बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान प्रदीप हलदार पुत्र अनंत हलदार निवासी गोविंदनगर, शक्तिफार्म, ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को एंबुलेंस से भिजवाया। तलाशी के दौरान मृतक के पास से नकदी और अन्य जरूरी सामान भी मिला।

गौला बाईपास पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने यातायात सुरक्षा की पोल खोलकर रख दी है। एक दिन पहले भी इसी मार्ग पर हादसा हुआ था और सोमवार सुबह एक और जिंदगी सड़क की भेंट चढ़ गई। पुलिस समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाकर तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई का दावा करती है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर इन अभियानों के बावजूद सड़क पर मौत की रफ्तार क्यों नहीं थम रही?

आखिर कितनी और जिंदगियां निगलने के बाद गौला बाईपास की सुरक्षा व्यवस्था जागेगी? हादसों के बाद जांच और कार्रवाई अपनी जगह है, लेकिन जरूरत उस व्यवस्था की है जो हादसा होने से पहले किसी की जान बचा सके।

हल्द्वानी के मैदान से निकला सितारा, लक्ष्य की कप्तानी में पाक को धूल चटाकर भारत बना एशिया चैंपियन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

क्रिकेट एकेडमी में बल्ला थामने वाला लक्ष्य रायचंदानी अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी चमक बिखेर रहा है। ओमान में अंडर-19 एशिया कप फाइनल में उसकी कप्तानी में भारत ने पाकिस्तान को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 337 रन बनाए। उस्मान ने 107 और अब्दुल कादिर ने 80 रन बनाए। भारत की ओर से काव्या पटेल ने चार विकेट झटके। जवाब में भारतीय टीम ने कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के 80 रन, आर्यवीर सहवाग के 58, मनल चौहान के 47 और मोहित ऊल्का के नाबाद 49 रनों की बदौलत लक्ष्य हासिल किया। अंतिम गेंद पर चिंगरुपती वेंकटा के चौके ने भारत की जीत पर मुहर लगा दी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी लक्ष्य के पिता लक्ष्मी रायचंदानी और माता-पिता के परिवार ने बचपन से उसके क्रिकेट को आगे बढ़ाने में सहयोग किया। नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपने ने लक्ष्य को जिले की शान बताते हुए उसकी बल्लेबाजी, अनुशासन और साथी खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता की सराहना की। लक्ष्य की उपलब्धि पर बीसीसीआई के पूर्व उपाध्यक्ष महिम वर्मा, सीएयू अध्यक्ष दीपक मेहरा, सचिव किरण बर्मा, सुमित हृदयेश, कमल पपने, हर्ष गोयल, दिग्विजय कनवाल, पूजा कांडपाल, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट और कोच सत्री कुमार ने बधाई दी।



आठ दिन से तलाश रहे थे परिजन, अस्पताल की मोर्चरी में मिला 16 वर्षीय हर्ष का शव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिस बेटे की सलामती की दुआ मांगते हुए परिवार आठ दिनों से दर-दर भटक रहा था, वह उसी अस्पताल की मोर्चरी में मृत मिला, जहां उसे घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था।

दीपावली की शाम पटाखे खरीदने निकले 16 वर्षीय हर्ष की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नौ नवंबर को घायल हालत में अस्पताल पहुंचा किशोर परिजनों की नजरों के सामने से गुजर गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। रविवार को मोर्चरी में शव देखकर परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर, दोस्तों की धमकी, स्कूटी और हादसे की परिस्थितियों ने मामले को और उलझा दिया है। सबसे दर्दनाक बात यह है कि मां को अभी बेटे की मौत की खबर तक नहीं दी गई है। शनि बाजार रोड स्थित सती कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार का 16 वर्षीय बेटा हर्ष आठ नवंबर को दीपावली की शाम करीब 1700 रुपये लेकर पटाखे खरीदने निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटा तो परिवार ने तलाश शुरू की। नौ नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई। नौ नवंबर को पुलिस ने परिजनों को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती एक अज्ञात घायल युवक की जानकारी दी थी। परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन मुंह में नली लगी होने और गंभीर हालत के चलते पहचान नहीं कर सके। रविवार को उसी अस्पताल की मोर्चरी में शव मिला तो पहचान हर्ष के रूप में हुई। हर्ष की मां मोनिका के मुताबिक, नौ नवंबर की रात दीपक, राहुल और अजय समेत कुछ युवक घर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हर्ष राहुल की स्कूटी लेकर गया है। आरोप है कि इसी दौरान अजय ने हर्ष को पीटने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने राहुल की स्कूटी कब्जे में ले ली है। दोस्तों के साथ विवाद और धमकी का घटना से कोई संबंध है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। आठ दिनों तक बेटे के लौटने की उम्मीद लगाए बैठी मां मोनिका को अभी उसकी मौत की जानकारी नहीं दी गई है।

डिवाइडर से टकराने की बात, मौत का कारण अब भी स्पष्ट नहीं

पुलिस के अनुसार, नौ नवंबर की सुबह हर्ष बरेली रोड स्थित महिला अस्पताल के सामने घायल मिला था। प्रारंभिक जानकारी में स्कूटी सहित डिवाइडर से टकराने की बात सामने आई है। बताया गया कि शराब का टूटा क्वार्टर उसके पेट में घुस गया था। हालांकि हादसे की वास्तविक परिस्थितियों और मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा।

श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के राजीव अध्यक्ष व प्रदीप बने सचिव

नैनीताल। श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट नैनीताल के न्यास की सभा रविवार को आयोजित की गयी जिसमें ट्रस्ट की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर सर्वसम्मति से राजीव लोचन साह को अध्यक्ष व प्रदीप शाह को सचिव चुना गया। इसके अलावा घनश्याम लाल साह को उपाध्यक्ष, नीरज कुमार साह को उप सचिव जबकि किशन सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

मुक्त विवि के दीक्षांत समारोह में 36 मेधावियों को मिलेंगे गोल्ड मेडल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह इस बार कई खास उपलब्धियों और बड़े नामों का गवाह बनेगा। समारोह में राज्यपाल ढाल सिंह बिसेन और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की मौजूदगी में 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पूर्व रेलवे बोर्ड अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को मानद उपाधि प्रदान कर विश्वविद्यालय विशेष सम्मान देगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल ढाल सिंह बिसेन करेंगे, जबकि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां भी प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में मेधावियों की उपलब्धियों के साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा भी केंद्र में रहेगी। दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों के उन विद्यार्थियों के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बना है, जिनके लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच आसान नहीं है। ऐसे में 36 मेधावियों का स्वर्णिम सम्मान समारोह का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

तैयारी

- पूर्व रेलवे बोर्ड अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को मिलेगी मानद उपाधि

काली नदी से हंसेश्वर तक छात्रों ने किया 8 किमी. का रिवर रन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर द्वारा संचालित 6 दिवसीय रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण रविवार को चौथे दिन भी गोरी व काली नदी में जारी रहा।

हिमानी एडवेंचर के अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कहा कि प्रशिक्षण के चौथे दिन व पौधारोपण अभियान के 853वें दिन काली नदी के किनारे विजय यात्रा राफ्टिंग कैंप परिसर में कैंप के संचालक विजय पाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया । रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तराखंड पर्यटन विभाग पिथौरागढ़ में प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र धामी द्वारा पौधारोपण के साथ किया गया। इस अवसर पर उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

राजेंद्र धामी ने कहा कि राफ्टिंग प्रशिक्षण से क्षेत्र में जहां पर्यटक जुड़ेंगे वही छात्रों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। छात्रों को पेडलिंग, तैराकी के साथ नदी रेस्कयू के तहत फि लिप व रिफि लिप व आपदा प्रबंधन की जानकारी दी वही छात्रों को जौलजीवी जीआईसी स्थित काली नदी से हंसेश्वर तक 8 किलोमीटर का रिवर रन कराया। राफ्टिंग से पूर्व छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। छात्रों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत नदी स्वच्छता शपथ दिलाई गई।दिनेश गुरु रानी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जारी रहेगा। प्रशिक्षण रिवर गाइड मनोहर सिंह ऐरी, विनोद धामी, पद्म सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय धामी तथा नवीन राना व दमन ने दिया।